**NEWS CLIPPING: 22.10.2020**

## THE TRIBUNE

# FINANCIAL RELIEF FOR YMCA STUDENTS

**Faridabad:** JC Bose University of Science and Technology, YMCA, here has provided financial relief of up to 100 per cent in tuition fee to the students facing financial hardship in the wake of Covid pandemic. As many as 153 students have availed the benefit under the policy for financial support to economically weaker and needy students introduced by the university in August. Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar said in view of the difficulties faced by students and their parents, due to the pandemic, the university took the initiative to frame a policy to provide financial relief to students of the university and implemented the same in true letter and spirit so as to cover maximum students under the policy. The financial benefits of over Rs 15 lakh have already been provided to students under the policy.

The Tribune Thu, 22 October 2020
https://epaper.tribune:

**NEWS CLIPPING: 22.10.2020**

**PUNJAB KESARI**

# जे.सी. विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को ट्यूशन फीस पर दी 100 प्रतिशत तक वित्तीय राहत

## कोरोना से प्रभावित जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिला 15 लाख से अधिक का लाभ

### अब तक 153 विद्यार्थी उठा चुके है इस नीति का लाभ




फरीदाबाद, 21 अक्तूबर (पूजा शर्मा): कोरोना महामारी के मद्देनजर वित्तीय कठिनाई का सामना कर रहे विद्यार्थियों को जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने ट्यूशन फीस पर 100 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता प्रदान की है जोकि सरकारी क्षेत्र के किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा की गई अपनी तरह की पहली पहल है। इस वर्ष अगस्त में विश्वविद्यालय द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए जारी की गई नीति के अंतर्गत कुल 153 विद्यार्थी वित्तीय लाभ उठा चुके है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी के मद्देनजर विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के समक्ष आ रही कठिनाइयों को देखते हुए विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को वित्तीय राहत प्रदान करने के लिए एक नीति बनाने की पहल की थी। इस नीति को ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य लागू किया गया था और अब तक नीति के अंतर्गत कुल 15 लाख रुपये से अधिक का वित्तीय लाभ विद्यार्थियों को दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस राशि को विश्वविद्यालय तथा एल्युमनाई एसोसिएशन 'मॉब' के द्वारा संयुक्त रूप से वहन किया गया।

नीति के तहत विश्वविद्यालय द्वारा विद्याथियों से दावे आमंत्रित किये गये थे तथा प्रत्येक मामले पर अलग से विचार किया गया। इस प्रकार, विद्यार्थियों ने मौजूदा शैक्षणिक सत्र के वर्तमान सेमेस्टर में अपनी ट्यूशन फीस में 25 से 100 प्रतिशत तक का वित्तीय लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि ट्यूशन फीस में शत-प्रतिशत वित्तीय सहायक केवल ऐसे विद्यार्थियों को प्रदान की गई है, जिनकी वित्तीय स्थिति विश्वविद्यालय द्वारा गठित संवीक्षा समिति की जांच में अत्यंत विकट पाई गई। डीन विद्यार्थी कल्याण प्रो. लखविंदर सिंह ने कहा कि नीति के तहत वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को संबंधित विभागाध्यक्ष के माध्यम से आवेदन करने के लिए कहा गया था। इसके उपरांत डीन विद्यार्थी कल्याण कार्यालय को संबंधित विभागाध्यक्षों की सिफारिशों के साथ मिले विद्यार्थियों के दावे को संवीक्ष समिति, जिसमें डीन विद्यार्थी कल्याण, डीन अकादमिक मामले, वित्त नियंत्रक, संबंधित विभागाध्यक्ष, मॉब प्रतिनिधि तथा कुलपति द्वारा नामित सदस्य शामिल रहे, ने विद्यार्थियों के प्रत्येक दावे की जांच की और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

समिति की रिपोर्ट के आधार पर विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षण विभागों में यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में पढ़ रहे 153 विद्यार्थियों ने वित्तीय लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षाओं में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय द्वारा इंटरनेट डेटा शुल्क के लिए भी विद्यार्थियों को 447 रुपये की छूट दी जा रही है।


पंजाब केसरी ई-पेपर

Thu,22 October 2020

Edition: faridabad kesari, Page no. 1

**NEWS CLIPPING: 22.10.2020**

**DAINIK BHASKAR**

# जेसी बोस विवि ने विद्यार्थियों को ट्यूशन फीस पर दी 100% तक वित्तीय राहत

**फरीदाबाद|** कोरोना महामारी के मद्देनजर वित्तीय कठिनाई का सामना कर रहे विद्यार्थियों को जेसी बोस विश्वविद्यालय ने ट्यूशन फीस पर 100 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता प्रदान की है। आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए जारी की गई नीति के तहत कुल 153 विद्यार्थी वित्तीय लाभ उठा चुके हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के अनुसार कोरोना महामारी के मद्देनजर विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के समक्ष आ रही कठिनाइयों को देखते हुए विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को वित्तीय राहत प्रदान करने के लिए एक नीति बनाने की पहल की थी।

**NEWS CLIPPING: 22.10.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# यूनिवर्सिटी ने ट्यूशन फीस पर दी 100 प्रतिशत तक वित्तीय राहत

## जेसी बोस विवि की अपनी खास पहल

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

**कोरोना** के मद्देनजर वित्तीय कठिनाई का सामना कर रहे छात्रों को जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने ट्यूशन फीस पर 100 प्रतिशत तक की वित्तीय सहायता प्रदान की है। यूनिवर्सिटी प्रबंधन के अनुसार सरकारी क्षेत्र की किसी भी यूनिवर्सिटी द्वारा की गई अपनी तरह की पहली पहल है। इस साल अगस्त में यूनिवर्सिटी ने आर्थिक रूप से कमजोर व जरूरतमंद छात्रों के लिए नई नीति लागू की है, जिसके तहत कुल 153 छात्र वित्तीय लाभ उठा चुके हैं। कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत अब तक कुल 15 लाख रुपये से अधिक का वित्तीय लाभ छात्रों को दिया जा चुका है। इस राशि को यूनिवर्सिटी व एल्युमनाई असोसिएशन के द्वारा संयुक्त रूप से वहन किया गया। जरूरतमंद छात्रों ने मौजूदा शैक्षणिक सत्र के वर्तमान सेमेस्टर में अपनी ट्यूशन फीस में 25 से 100 प्रतिशत तक का वित्तीय लाभ उठाया। डीन छात्र कल्याण प्रफेसर लखविंदर सिंह ने बताया कि छात्रों को ऑनलाइन क्लासों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यूनिवर्सिटी ने इंटरनेट डेटा शुल्क के लिए भी छात्रों को 447 रुपये की छूट दी हुई है।

**पढ़ाई के लिए**

- इस साल अगस्त में यूनिवर्सिटी ने आर्थिक रूप से कमजोर व जरूरतमंद छात्रों के लिए नई नीति लागू की है
- अब तक 15 लाख रुपये से अधिक का लाभ छात्रों को दिया

**NEWS CLIPPING: 22.10.2020**